**18/07**/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज बिहार के मोतिहारी में सात हज़ार दो सौ करोड़ रुपये से अधिक लागत की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करने के बाद शाम को पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में पांच हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। जनसभा को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि ये परियोजनाएँ क्षेत्र के संपर्क में महत्वपूर्ण सुधार करेंगी और गैस-आधारित परिवहन तथा गैस-आधारित अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन देंगी।

0000000000000000000000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने ज़ोर देकर कहा है कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ते भारतीय युवाओं को सही मार्गदर्शन, तकनीकी सहायता और नीति-निर्माण की आवश्यकता है। इस संबंध में, श्री बिरला ने समाज और राष्ट्र के समग्र विकास में सामाजिक संगठनों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। गुरुग्राम में एक कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि युवाओं में बदलाव का जुनून, भविष्य को आकार देने की क्षमता और राष्ट्र निर्माण का उत्साह है।

0000000000000000000000

राज्यपाल, लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने आज नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।

इस दौरान, राज्यपाल ने राष्ट्रपति को अरुणाचल प्रदेश में चल रही विकासात्मक प्रगति और 'विकसित अरुणाचल' के स्थानीय रोडमैप के माध्यम से 'विकसित भारत' के राष्ट्रीय दृष्टिकोण में सार्थक योगदान देने के लिए राज्य सरकार की अटूट प्रतिबद्धता से अवगत कराया। उन्होंने लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने और समावेशी विकास सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में की जा रही प्रमुख पहलों और परिवर्तनकारी प्रयासों पर प्रकाश डाला।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल ने आज पापुमपारे जिले के तोरु स्थित गवर्मेंट इंजीनियरिंग कॉलेज के लिए 34 शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक पदों के सृजन को मंजूरी दे दी। जन सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, मंत्रिमंडल ने 6th इंडियन रिज़र्व बटालियन के गठन और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (POCSO) अधिनियम, 2012 की धारा उनतालीस के अंतर्गत सहायकों के लिए दिशानिर्देशों को राज्य-विशिष्ट अधिसूचनाओं के साथ अपनाने को मंज़ूरी दे दी है। इसके अलावा, मंत्रिमंडल ने डिप्यूटी डायरेक्टर (प्रोसेक्युशन) के तीन पद, एसिस्टेंट डायरेक्टर (प्रोसेक्युशन) के साथ ही क्लेरिकल स्टाफ़ के अट्ठारह एवं डायरेक्टोरेट ऑफ़ सिविल एविएशन के लिए अन्य दस पदों के सृजन को भी मंज़ूरी दी गई है।

0000000000000000000000

मुख्य सचिव मनीष गुप्ता ने आज एपीपीएससी के चेयरमेन प्रदीप लिंग्फा और एपीपीएससी की सेक्रेट्री पारुल जी. मित्तल के साथ आयोग

द्‌वारा आयोजित आगामी और चल रही परीक्षाओं पर विचार-विमर्श के लिए एक बैठक की। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, मुख्य सचिव ने पारदर्शिता, निष्पक्षता और सत्यनिष्ठा बनाए रखने के लिए एपीपीएससी टीम के प्रयासों की सराहना की।

0000000000000000000000

गृह मंत्री मामा नातुंग ने कल ईस्ट कामेंग जिले के बाना सर्कल के अंतर्गत वाते में एग्रीकलचर कॉलेज के कंस्ट्रक्शन साइट का दौरा किया। सभा को संबोधित करते हुए, गृह मंत्री ने कॉलेज की स्थापना के लिए 33 हेक्टेयर भूमि दान करने के लिए वाते के लोगों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान, श्री नातुंग ने कामेंग नदी पर 150 मीटर लंबे आरसीसी पुल की आधारशिला भी रखी।

0000000000000000000000

चांगलांग ज़िले के जयरामपुर टाउन को कल नई दिल्ली में **"प्रोमिसिंग स्वस्च शहर ऑफ़ अरुणाचल प्रदेश"** श्रेणी में राज्य स्तरीय स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार 2024-25 से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार राष्ट्रीय स्वच्छ सर्वेक्षण मूल्यांकन में इसके सराहनीय प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया है। राज्य के शहरी मामलों के मंत्री बालो राजा एवं शहरी मामलों के कमिश्नर विवेक पांडे ने राज्य की ओर से यह पुरस्कार प्राप्त किया। यह सम्मान स्वच्छ भारत मिशन - शहरी के अंतर्गत सतत शहरी विकास और बेहतर जन स्वास्थ्य की दिशा में अरुणाचल प्रदेश के निरंतर प्रयासों में एक महत्वपूर्ण उप्लब्धी है।

0000000000000000000000

यिंगकियोंग के अपर मार्केट में आज लगी आग से एक घर पूरी तरह से नष्ट हो गया। हालाँकि, किसी के हताहत होने या घायल होने की कोई खबर नहीं है। आग लगने का सही कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। इस बीच, जिला प्रशासन ने प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत सामग्री उपलब्ध कराई एवं एक अस्थायी राहत शिविर में स्थानांतरित करने की व्यवस्था भी की।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 9 जिलों पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, लोअर सियांग, वेस्ट सियांग, दिबांग वैली, लोअर दिबांग वैली, अंजाव, नामसाई और चांगलांग के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटो में अलग अलग स्थानों में गरज़ के साथ बिजली गिरने और तेज बारिश होने की सभावना है।

0000000000000000000000

प्रसार भारती के डिजिटल प्लेटफॉर्म वेव्स ओटीटी ने आज नई दिल्ली स्थित आकाशवाणी भवन में अपनी फीचर फिल्म, "देला बेला बदलेगी कहानी" का भव्य प्रीमियर आयोजित किया। इस अवसर पर बोलते हुए, प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत सहगल ने कहा कि वेव्स ओटीटी भारत का एकमात्र सार्वजनिक सेवा स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म है जो विरासत को डिजिटल नवाचार के साथ जोड़ता है।

0000000000000000000000